पढ़े चलो, बढ़े चलो

Samagra Shiksha Abhiyan (Secondary Education)

# प्रश्न बैंक

# 2021–22

# विषय: हिन्दी

# कक्षा : 11वीं

**समग्र शिक्षा अभियान (सेकेण्डरी एजुकेशन) लोक शिक्षण संचालनालय, म.प्र.**

लोक शिक्षण संचालनालय, म.प्र. भोपाल

## <u>प्रश्न बैंक निर्माणकर्ता –</u>

- **डॉ. मीनाक्षी दुबे**
  (उ.मा.शि.)
  विषय विशेषज्ञ, स्टेट असेसमेंट सेल,
  लोक शिक्षण संचालनालय, म.प्र. भोपाल

- **डॉ. चित्रा पिल्लै**
  (उ.श्रे.शि.)
  शासकीय उ.मा.वि. निशातपुरा, भोपाल

- **डॉ. धीरज कुमार शर्मा**
  (उ.मा.शि.)
  असेसमेंट डिजाइन एक्सपर्ट, जिला–मंदसौर

- **श्री कमलदीप बैरागी**
  (उ.मा.शि.)
  असेसमेंट डिजाइन एक्सपर्ट, जिला–देवास

## माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश भोपाल
## हाईस्कूल परीक्षा सत्र 2021–22
## BLUE PRINT OF QUESTION PAPER

कक्षा – 11वीं | पूर्णांक – 80
विषय – हिन्दी | समय – 3:00 घंटे

| क्र. | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई एवं आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | |
| 1 | आरोह भाग-1 काव्यखंड पद्य साहित्य का इतिहास एवं प्रवृतियां काव्य पाठों पर आधारित प्रश्न, कवि परिचय एवं पद्यांश की व्याख्या | 17 | 6 | 2 | 1 | 1 | 4 |
| 2 | आरोह भाग-1 गद्यखंड<br>गद्य साहित्य का इतिहास एवं प्रवृतियां विकास क्रम (गद्य विधाओं का परिचय) गद्य पर आधारित प्रश्न लेख लेखक परिचय एवं अर्थ ग्रहण सम्बन्धी प्रश्न | 17 | 6 | 2 | 1 | 1 | 4 |
| 3 | वितान-भाग 1 पूरक पाठ्य पुस्तक पर आधारित प्रश्न| | 7 | 5 | 1 | – | – | 1 |
| 4 | अभिव्यक्ति और माध्यम पाठ्य पुस्तक पर आधारित प्रश्न | 7 | 5 | 1 | – | – | 1 |
| 5 | काव्य बोध-<br>• इस परिचय एवं उनके प्रकार<br>• अलंकर परिचय व प्रकार मानवीकरण, पुनरुक्ति प्रकार, संदेह मुन्तिमान<br>• छन्द परिचय ओ प्रकार- दोहा, चौपाई, सोरठा, कवित्त सवैया<br>• शब्द शक्ति- परिचय व प्रकार<br>• शब्द गुण- परिचय व प्रकार | 9 | 5 | 2 | – | – | 2 |
| 6 | **भाषा बोध-विशेषण** मुहावरे, लोकोक्तियाँ एवं क्रिया विशेषण शब्द के प्रकार- तत्सम, तद्भव, प्रत्यय, उपसर्ग क्षेत्रीय शब्द ,तकनीकी शब्द, पर्यायवाची शब्द, निपात रचना के आधार पर वाक्य परिवर्तन,वाक्य शुद्धिकरण भाव पल्लवन और सार संक्षेपण भाषा- राजभाषा ,राष्ट्रभाषा, वाक्यांश के लिए एक शब्द,विज्ञापन लेखन,संवाद लेखन,अनुच्छेद लेखन | 12 | 5 | 2 | 1 | – | 3 |
| 7 | अपठित बोध+(गद्यांश/पद्यांश) पर आधारित प्रश्न | 3 | – | – | 1 | – | 1 |
| 8 | पत्र लेखन<br>औपचारिक/अनौपचारिक संबंधित पत्र | 4 | – | – | – | 1 | 1 |
| 9 | अनुच्छेद लेखन एवं निबंध लेखन (रचनात्मक लेखन) | 4 | – | – | – | 1 | 1 |
| | कुल योग | 80 | 32 | 20 | 12 | 16 | 18 + 5 = 23 |

**प्रश्न पत्र निर्माण हेतु विशेष निर्देश :—**

1. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे। सही विकल्प, 06 अंक, रिक्त स्थान 07 अंक, सही जोड़ी 06 अंक, एक वाक्य में उत्तर 07 अंक, सत्य असत्य 06 अंक संबंधी प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न के 1 अंक निर्धारित हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को छोड़कर सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान होगा। यह विकल्प समान इकाई/उपइकाई से तथा समान कठिनाई स्तर वाले होंगे। इन प्रश्नों की उत्तर सीमा निम्ननुसार होगी :—
   अति लघु उत्तरीय प्रश्न 02 अंक लगभग 30 शब्द
   लघु उत्तरीय प्रश्न 03 अंक लगभग 75 शब्द
   दीर्घ उत्तरीय प्रश्न 04 अंक लगभग 120 शब्द
2. 40 प्रतिशत वस्तुनिष्ठ प्रश्न, 40 प्रतिशत पाठ्यवस्तु पर आधारित प्रश्न, 20 प्रतिशत विश्लेषणात्मक प्रश्न होंगे।
3. सत्र 2021—22 हेतु कम किये गये पाठ्यक्रम में से प्रश्न—पत्र में प्रश्न न दिये जायें।
   पाठ्यवस्तु पर आधारित प्रायोजना कार्य हेतु 20 अंक आवंटित हैं।

# इकाई-1

## आरोह काव्य खंड

आरोह भाग-1 काव्यखंड

| क्र. | इकाई एवं विषय | इकाई पर आवंटित आवंटित प्रश्न | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | |
| 1 | आरोह भाग-1 काव्यखंड पद्य साहित्य का इतिहास एवं प्रवृतियां काव्य पाठों पर आधारित प्रश्न, कवि परिचय एवं पद्यांश की व्याख्या | 17 | 6 | 2 | 1 | 1 | 4 |

महत्पूर्ण बिन्दु:-

- निर्धारित इकाई से 1-1 अंक के 6 प्रश्न, 2-2 अंक के 2 प्रश्न, 3 अंक का 1 प्रश्न तथा 4 अंक का 1 प्रश्न परीक्षा में पूछा जाएगा |

आरोह भाग-1 काव्यखंड से इन पाठों के प्रश्न परीक्षा में प्रश्न नहीं किए जाएँगे|

(1) चंपकाले- काले अक्षर नहीं चीन्हती|

(2) (i) हेभूख मत मचल|

(ii) हे मेरे जूही के फूल जैसे ईश्वर|

(3) सबसे खतरनाक

**प्र.i. सही विकल्प चुनकर लिखिए-** (1 अंकीय प्रश्न)

1. कबीर को 'वाणी का डिटेक्टर' किसने कहा है ?

अ. महावीर प्रसाद द्विवेदी ब. हजारी प्रसाद द्विवेदी

स. रामचंद्र शुक्ल द. बालमुकुंद गुप्त

2. प्रकृति के चितेरे कवि हैं-

अ. सुमित्रानंदन पंत ब. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

स. जयशंकर प्रसाद द. मैथिलीशरण गुप्त

3. मीराबाई की मूल भाषा राजस्थानी पर कौन सी भाषा का प्रभाव दिखाई देता है

अ. अवधी ब. ब्रज स. मैथीली द. खड़ी बोली

4. 'वे आंखें' कविता का मूल स्वर है-

अ. छायावादी ब. प्रगतिवादी स. प्रयोगवादी द.हालावादी

5. 'कविता का गांधी' कहे जाते हैं-

अ. भवानीप्रसाद मिश्र ब. रामदरस मिश्र

स. दुष्यंत कुमार द. त्रिलोचन

6. पंत ने कविता के लिए चित्र भाषा संबंधी विचार प्रस्तुत किए हैं-

अ. वीणा में ब. ग्रंथि में स. पल्लव द. गुंजन

7. 'वह तुम्हारा मन समझ कर और अपनापन समझ कर' 'घर की याद' कविता की उपरोक्त पंक्तियों में 'तुम्हारा' शब्द किसके लिए आया है?

अ. पिता के लिए ब. मां के लिए

स. भाई के लिए द. बहिन के लिए

8. दुष्यंत कुमार त्यागी की रचना 'एक कंठ विषपायी' किस विधा की रचना है?

अ. उपन्यास ब. आत्मकथा स. काव्य संग्रह द. गीतिनाट्य

9. निर्मला पुतुल मूलत: किस भाषा के कवयित्री हैं ?

अ. मैथिली ब. संथाली स. अवधी द. छत्तीसगढ़ी

10. 'छाड़ी दयि कुल की <u>कानि</u> का करीहै कोई'? रेखांकित शब्द से तात्पर्य है?

अ. उपकार ब. सत्कार स. मर्यादा द. साहस

11. निम्नलिखित में से कौन-सा एक खंड बीजक का नहीं है?

अ. पद ब. साखी स. सबद द. रमैनी

12."जिस प्रकार आत्मा के मुक्तवस्था ज्ञान दशा कहलाती है, उसी प्रकार हृदय की मुक्तवस्था रस दशा कहलाती है ।

उपरोक्त कथन किसका है?

अ. रामचंद्र शुक्ल ब. नगेंद्र स.प्रेमचंद द. मुक्तिबोध

**प्र.ii. रिक्त स्थान में सही शव्द चुनकर लिखिए - (1 अंकीय प्रश्न)**

1. कबीर की एकमात्र रचना______है जो तीन भागों साखी, सबद ,रमैनी में विमक्त है। (बीजक /पदावली)
2. कबीर के अनुसार परमात्मा______है। (अनेक/ एक)
3. मीरा के गुरु_____थे। (रैदास /वल्लभाचार्य )
4. आरोह में संकलित मीरा के पद_____से लिए गए हैं। (मीरा पदावली /मीरा मुक्तावली)
5. हिंदी कविता में प्रकृति को पहली बार प्रमुख विषय बनाने का श्रेय_____को दिया जाता है।(निराला /पंत)
6. सुमित्रानंदन पंत अरविंद के___से प्रभावित थे। (मानववाद/गांधीवाद)
7. 'वे आंखें' कविता में _______की मार्मिक व्यथा का चित्रण हुआ है। (मजदूर /किसान)

8. भवानी प्रसाद मिश्र______ से प्रभावित है। (मार्क्सवाद /गांधीवाद)

9. सहजलय के कवि______ हैं। (सुमित्रानंदन पंत /भवानी प्रसाद मिश्र)

10. साए में धूप दुष्यंत कुमार का_____संग्रह है। (कहानी संग्रह /गजल संग्रह)

11. नगाड़े की तरह बजते है शब्द____ की रचना है (निर्मल वर्मा /निर्मला पुतुल)

12. घर की याद कविता में कवि के पिता____ का पाठ करते हैं। (रामायण /गीता)

13.सतपुड़ा के घने जंगल-------- की कविता है। (भवानी प्रसाद मिश्र/ रामनरेश त्रिपाठी)

**प्र.iii. सत्य /असत्य लिखिए-** **(1 अंकीय प्रश्न)**

1. मीराबाई की भक्ति दाम्पत्य भाव की है।
2. कबीर ब्रज भाषा के कवि हैं ।
3. कबीर ने बाहरी आडम्बरों का विरोध किया है।
4. मीरा की मूल भाषा राजस्थानी पर अवधी भाषा का प्रभाव है।
5. पंत की 'ताज' कविता छायावादी कविता है।
6. किसान की गाय का नाम उजरी था।
7. 'सूर्य का स्वागत' का संग्रह दुष्यंत कुमार त्यागी का है।
8. निर्मला पुतुल का संबंध झारखंड से है।

**प्र.iv. सही जोड़ी बनाकर लिखिए-** **(1 अंकीय प्रश्न)**

| | |
|---|---|
| i. गीत फरोश | (अ) निर्मला पुतुल |
| ii. युगवाणी | (ब) भवानी प्रसाद मिश्र |
| iii. छोटे छोटे सवाल | (स) सुमित्रानंदन पंत |
| iv. अपने घर की तलाश में | (द) दुष्यंत कुमार त्यागी |
| v. राजस्थानी भाषा | (इ) निर्मला पुतुल |
| vi. सधुक्कड़ी | (फ) मीरा बाई |
| vii. संथाली | (य) रामनरेश त्रिपाठी |
| viii. खड़ी बोली | (र) कबीर |

**प्र.v. एक वाक्य में उत्तर लिखिए-** **(1 अंकीय प्रश्न)**

1. कबीर भक्ति काल के अंतर्गत निर्गुण भक्ति की कौनसी काव्य धारा के कवि हैं?
2. मीरा ने अपना आराध्य किसे माना है?
3. मीरा के लिए विष का प्याला किसने भेजा था?
4. रामनरेश त्रिपाठी किस युग के कवि हैं?
5. हिंदी साहित्य में बाल साहित्य के जनक कौन माने जाते हैं?
6. 'वानर' नामक बाल पत्रिका का संपादन किसने किया?
7. प्रकृति का मानवीकरण कौन से वाद की प्रमुख विशेषता है?
8. 'मिलन' खंड काव्य के रचयिता कौन है?
9. 'घर की याद' कविता में कौन किसको याद कर रहा है?

10. मीरा की प्रेम रूपी बेल में कौन सा फल आया है?

**प्र.vi. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30-30 शब्दों में लिखिए- (2 अंकीय प्रश्न)**

1. भक्ति काल के दो कवि तथा उनके एक एक रचना का नाम लिखिए ।
2. रीतिकालीन दो कवि तथा उनकी एक एक रचना का नाम लिखिए ।
3. भारतेंदु युग के किन्हीं दो कवियों तथा उनकी रचना का नाम बताइए ।
4. द्विवेदी युगीन दो कवियों तथा उनकी रचनाओं के नाम बताइए ।
5. छायावाद के दो कवि तथा उनकी एक एक रचना का नाम लिखिए।
6. प्रगतिवाद की दो कवि तथा उनकी एक एक रचना का नाम बताइए ।
7. प्रयोगवाद के दो कवि तथा उनकी रचना बताइए।
8. भक्ति काल की दो प्रमुख प्रवृत्तियां बताइए।
9. रीतिकाल की दो प्रमुख प्रवृतियां बताइए।
10. भारतेंदु युग की दो प्रमुख प्रवृतियां बताइए।
11. द्विवेदी युग की दो प्रमुख कविता बताइए।
12. छायावाद की दो प्रमुख प्रवृत्तियां बताइए।
13. प्रगतिवाद की दो प्रमुख प्रवृतियां बताइए।
14. प्रयोगवाद की दो प्रमुख प्रवक्ता बताइए।
15. कबीर ने संसार को पागल क्यों कहा है?
16. मानव शरीर का निर्माण किन पांच तत्वों से हुआ है?
17. मीरा कृष्ण की उपासना किस रूप में करती है वह रूप कैसा है?
18. पथिक कविता में कवि का मन कहां विचरना चाहता है?
19. किसान के बैलों की जोड़ी की कुर्की किसने और क्यों करवा दी?
20. आओ मिलकर बचाएं कविता में कवयित्री ने बच्चों और बड़ों के लिए क्या बचाना चाहती है?

**प्र.vii . निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 75-75 शब्दों में लिखिए- (3 अंकीय प्रश्न)**

1. कबीर के अनुसार अज्ञानी गुरुओं की शरण में जाने पर शिष्यों की क्या गति होती है?
2. कबीर में दृष्टि में ईश्वर एक है अपने इस तथ्य की पुष्टि के लिए उन्होंने क्या-क्या तर्क दिए हैं?
3. लोग मीरा को बावरी क्यों कहते हैं?
4. पथिक कविता में कवि ने सागर तट पर सूर्योदय वर्णन किस रूप में किया है?
5. वे आंखें कविता में कवि ने किसान की पीड़ा का जिम्मेदार किन्हें बताया है?
6. घर की याद कविता में कवि ने पिता के व्यक्तित्व की कौनसे विशेषताओं को चित्रित किया है?
7. 'ना हो कमीज तो पावों से पेट ढक लेंगे। यह लोग कितने मुनासिब हैं इस सफर के लिए।'
उपरोक्त शेर में कवि आम जनता की कौनसी प्रवृत्ति की ओर इंगित करना चाहता है?
8. कबीर अथवा मीरा का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर दीजिए?

    1. दो रचनाएँ 2. भाव पक्ष, कला पक्ष 3. साहित्य में स्थान

9. रामनरेश त्रिपाठी अथवा सुमित्रानंदन पंत का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर दीजिए?

1. दो रचनाएँ 2. भाव पक्ष-कलापक्ष 3. साहित्य में स्थान

10. भवानी प्रसाद मिश्र अथवा दुष्यंत कुमार त्यागी का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर दीजिए?

1. दो रचनाएँ 2. भाव पक्ष-कलापक्ष 3. साहित्य में स्थान

**प्र.vii . निम्नलिखित पद्यांश का सन्दर्भ प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए-**

**(4 अंकीय प्रश्न, शब्द सीमा-120 शब्द)**

1. हम तो एक एक करि जाना।
दोई कहे तिइन्हीं को दोजग जिन नाहिंन पहचाना।।
एकै पवन एक ही पानी एकै ज्योति समाना।
एकै खाक गढ़े सब भांडे एकै कोहरा साना।।
जैसे बाढ़ी काष्ट ही काटे अगिनि न काटे कोई।
सब घटी अंतर तू ही व्यापक धरे सरूपे सोई।।
माया देखके जगत लुभाना काहे रे नर गरबाना।
निर्भय भया कछु नहीं व्यापैके कहे कबीर दीवाना।।

2. पग घुंघरू बांध मीरा नाची,
मैं तो मेरे नारायण सूं,आपही हो गई साची।
लोग कहे मीरा भई बावरी;न्यात कहे कुलनासी
विस् का प्याला राणा भेज्या, पिवत मीरा हाँसी
मीरा के प्रभु गिरधर नागर सहज मिले अबिनासी

3. लहराते हुए खेत दृगों में
हुआ बेदखल वह अब जिनसे,
हँसती थी उसके जीवन की
हरियाली जिनके तृन तृन से,
आंखों में ही घूमा करता
वह उसकी आंखों का तारा,
कारकूनों की लाठी से जो
गया जवानी में ही मारा ।

4. मैं मजे में हूं सही है ,
घर नहीं हूं बस यही है ,
किंतु यह बस बड़ा बस है,
इसी बस से सब विरस है,

5. खुदा नहीं ना सही आदमी का ख्वाब सही,

कोई हसीन नजारा तो है नजर के लिए ।
वे मुतमइन हैं कि पत्थर पिघल नहीं सकता,
मैं बेकरार हूं अपनी आवाज में असर के लिए।

6. नाचने के लिए खुला आंगन
गाने के लिए गीत
हँसने के लिए थोड़ी सी खिलखिलाहट
रोने के लिए मुट्ठी भर एकांत
बच्चों के लिए मैदान
पशुओं के लिए हरी हरी घास
बूढ़ों के लिए पहाड़ों की शांति

**इकाई- 2**

**आरोह-1 गद्य खंड**

| क्र. | इकाई एवं विषय | इकाई पर आवंटित आवंटित प्रश्न | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | |
| 2 | आरोह भाग-1 गद्यखंड गद्य साहित्य का इतिहास एवं प्रवृतियां विकास क्रम (गद्य विधाओं का परिचय) गद्य पर आधारित प्रश्न लेख लेखक परिचय एवं अर्थ ग्रहण सम्बन्धी प्रश्न\|<br>लेखक परिचय एवं गद्यांश की व्याख्या (भावार्थ) | 17 | 6 | 2 | 1 | 1 | 4 |

महत्पूर्ण बिन्दु:-

- निर्धारित इकाई से 1-1 अंक के 6 प्रश्न, 2-2 अंक के 2 प्रश्न, 3 अंक का 1 प्रश्न तथा 4 अंक का 1 प्रश्न परीक्षा में पूछा जाएगा |

<u>आरोह भाग-1 गद्यखंड से इन पाठों से परीक्षा में प्रश्न नहीं किए जाएँगे|</u>

(1) <u>अपू के साथ ढाई साल</u>

(2) <u>विदाई संभाषण</u>

(3) <u>आत्मा का ताप</u>

**प्र.i. सही विकल्प चुनकर लिखिए- (1 अंकीय प्रश्न)**

1. नमक का दरोगा कहानी का प्रकाशन वर्ष है-
   अ. 1924 ब. 1914 स. 1934 द. 1904
2. आदर्शोन्मुख यथार्थवाद को अपनी कहानी का आधार बनाने वाले कथाकार हैं-
   अ. प्रेमचंद ब.जैनेंद्र स. यशपाल द. कृष्णनाथ
3. नमक की गाड़ियां जा रही थी-
   अ. रामपुर ब. नागपुर स. कानपुर द. श्यामपुर
4. मियां नसीरुद्दीन शब्द चित्र कृष्णा सोबती के कौन से चित्र संग्रह से लिया गया है?
   अ. दिलोदानिश ब. जिंदगीनामा स. हम हशमत द. बादलों के घेरे
5. मास्टर त्रिलोक सिंह ने धनराम को कितने का पहाड़ा करने के लिए दिया था?
   अ. 12 ब. 13 स. 14 द. 19
6. मन्नू भंडारी द्वारा रचित 'रजनी' मूलतः क्या है?
   अ. कथा ब. पटकथा स. एकांकी द. नाटक
7. जामुन के पेड़ के नीचे दबे व्यक्ति को सर्वप्रथम किसने देखा?
   अ. माली ब.चपरासी स. सेकेट्री द. ज्वाइंट सेक्रेटरी
8. हिंदी का प्रथम उपन्यास माना जाता है-
   अ.सेवासदन ब.परीक्षा गुरु स. इरावती द. चंद्रकांता
9. सरस्वती पत्रिका का प्रकाशन वर्ष है -
   अ. सन 1900 ब.1903 स.1907 द.1908
10. जब लेखक स्वानुभूति एवं स्मृति के आधार पर किसी घटना या व्यक्ति विशेष का चित्रण करता है तो वह रचना कहलाती है-
    अ. रेखाचित्र ब. संस्मरण स.आत्मकथा द.पटकथा
11. रिपोर्ताज शब्द मूलतःकौन- सी भाषा का शब्द है?
    अ.अंग्रेजी ब.फ्रेंच स.रशियन द.जर्मन

12. हिंदी में नाटक सम्राट कहा जाता है-

अ, प्रेमचंद　　ब. बालकृष्ण भट्ट　　स. जयशंकर प्रसाद　　द.भारतेंदु हरिश्चंद्र

**प्र.ii. रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए -** **(1 अंकीय प्रश्न)**

1. डॉ.नगेन्द्र ने ___को_पुनर्जागरण काल कहा है । (द्विवेदी युग /भारतेंदु युग)
2. अंधेर नगरी____की प्रसिद्ध रचना है । (भारतेंदु हरिश्चंद्र /बालकृष्ण भट्ट)
3. ____युग को हिंदी निबंध का स्वर्ण काल माना जाता है । (प्रसाद युग /शुक्ल युग)
4. जिंदगीनामा____ प्रसिद्ध है । (उपन्यास /कहानी)
5. ____को हिंदी कथा साहित्य का शिखर पुरुष माना जाता है। (प्रेमचंद्र /जयशंकर प्रसाद)
6. पंडित अलोपीदीन का पर अखंड विश्वास था । (सरस्वती /लक्ष्मी)
7. मियां नसीरुद्दीन____किस्म की रोटियाँ बनाने के लिए मशहूर थे।- ! (छप्पन/छयालिस)
8. शेखर जोशी की कहानी___पर चिल्ड्रन फिल्म सोसायटी द्वारा फिल्म का निर्माण हुआ! (हलवाहा/ दाज्यू)
9. स्पीति में बारिश एक____ है! (यात्रा वृतांत/ संस्मरण)
10. आपका बेटी मन्नू भंडारी का प्रसिद्द____है। (नाटक /उपन्यास)
11. जामुन के पेड़ के नीचे दबा व्यक्ति___था! (शायर/मजदूर)

**प्र.iii. सत्य /असत्य लिखिए-** **(1 अंकीय प्रश्न)**

1. प्रेमचंद का कहानी संग्रह मानसरोवर आठ खंडों में विभक्त है
2. न्याय के मैदान में धर्म और धन के बीच युद्ध ठान गया।
3. स्पीति में साल में फसल होती है।
4. संस्मरण स्मृति पर आधारित होता है।
5. 'एक पेड़ की याद' शेखर जोशी का शब्द चित्र संग्रह है।
6. मियां नसीरुद्दीन में पंच हजारी अंदाज में सिर हिलाया।
7. स्वयं के दैनिक जीवन प्रसंगों को नियमित रूप से लिखना आत्मकथा लेखन है।
8.झूठा सच यशपाल का प्रसिद्ध उपन्यास है।
9. रजनीमें शिक्षा के व्यवसायीकरण की समस्या को केंद्र में रखा गया है।
10. जामुन का पेड़ कृष्ण चंदर का एक प्रसिद्ध संस्मरण है।

**प्र.iv. सही जोड़ी बनाकर लिखिए-** **(1 अंकीय प्रश्न)**

| | |
|---|---|
| 1. बादलों के घेरे | (क) मन्नू भंडारी |
| 2. नौरंगी बीमार है | (ख) कृष्णा सोबती |
| 3. मैं हार गई | (ग) शेखर जोशी |
| 4. कागज की नाव | (घ) कृष्ण चन्दर |
| 5. भारत माता | (ङ.) जवाहरलाल नेहरू |
| 6. धन पर धर्म की जीत | (च) जामुन का पेड़ |
| 7. सरकारी व्यवस्था की संवेदनशून्यता | (छ) रजनी |

| | |
|---|---|
| 8. शिक्षा का व्यवसायीकरण | (ज) नमक का दरोगा कर्बला कहानी |
| 9. समय सरगम | (झ) नाटक |
| 10. कोसी का घटवार | (ञ)उपन्यास |
| 11. पृथ्वी परिक्रमा | (ट) यात्रावृत्त |

**प्र.v. एक वाक्य में उत्तर लिखिए-** **(1 अंकीय प्रश्न)**

1. वंशीधर ने किससे बैर मोल लिया था?
2. नमक का दरोगा कहानी के अंत में किसकी जीत हुई?
3. किसका कथन है-" तालीम की तालीम बड़ी चीज है।"
4. मोहन के गुरु का क्या नाम था?
5. स्पीति घाटी हिमालय के किस भाग में है?
6. जब नेहरू किसी जलसे में जाते थे तो उनको स्वागत कौन सा नारे के साथ किया जाता ?
7. जामुन का पेड़ कहां गिरा था?
8. रजनी एकांकी का पात्र अमित सक्सेना कौन सी क्लास में पढ़ता था?
9. रमेश मोहन को अपने साथ कहां ले गया था?
10. धनराम के पिता का व्यवसाय क्या था?

**प्र.vi. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30-30 शब्दों में लिखिए-** **(2 अंकीय प्रश्न)**

1. भारतेंदु युग के दो प्रमुख निबंधकार एवं उनके निबंध लिखिए?
2. रेखा चित्र से आप क्या समझते हैं?
3. रेखा चित्र एवं संस्मरण में अंतर बताइए?
4. जीवनी तथा आत्मकथा में अंतर बताइए?
5. कहानी तथा उपन्यास में अंतर बताइए?
6. नाटक एवं एकांकी अंतर बताइए?
7. "बिरादरी का यही सहारा होता है।" यह कथन किस से किसने कहा?
8. किसान सामान्यतः भारत माता से क्या अर्थ लेते थे?
9. "नौकरी में ओहदे की ओर ध्यान मत देना यहां तो पीर की मजार है।" यह कथन किसने किससे कहा?
10. मियां नसीरुद्दीन को नामबाइयो का मसीहा क्यों कहा गया है?

**प्र.vii . निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 75-75 शब्दों में लिखिए-** **(3 अंकीय प्रश्न)**

प्रेमचंद अथवा कृश्नचंदर का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर दीजिए-

1. दो रचनाएं 2.भाषाशैली 3.साहित्य में स्थान

कृष्णा सोबती और मन्नू भंडारी का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर दीजिए-

1. दो रचनाएं 2. भाषा शैली 3. साहित्य में स्थान

**प्र.viii. निम्नलिखित पद्यांश का सन्दर्भ प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए-**

**(4 अंकीय प्रश्न, शब्द सीमा-120 शब्द)**

1. नौकरी में ओहदे की ओर ध्यान मत देना यह तो पीर का मजार है,निगाह चढ़ावे और चादर पर रखनी चाहिए।ऐसा काम ढूंढना जहां कुछ ऊपर आय हो मासिक वेतन तो पूर्णमासी का चांद है जो एक दिन दिखाई देता है और घटते घटते लुप्त हो जाता है ऊपर आमदनी तो बहता हुआ स्रोत हैजिससे सदैव प्यास बुझती है।

2. पंडित अलोपीदीन का लक्ष्मी जी पर अखंड विश्वास था वह कहा करते थे कि संसार का तो कहना ही क्या स्वर्ग में भी लक्ष्मी का ही राज्य है। उनका यह कहना यथार्थ ही था न्याय और नीति सब लक्ष्मी के खिलौने हैं इन्हें वह जैसा चाहती है नचाती है।

3. दुनिया सोती थी पर दुनिया की जीभ जागती थी सवेरे देखिए तो बालक- वृद्ध सबके मुंह से यही बात सुनाई देती थी जिसे देखिए, वही पंडित जी के इस व्यवहार पर टीका टिप्पणी कर रहा था निंदा की बौछार हो रही थी मानो संसार से पापी का पाप कट गया हो।

4. मियां नसीरुद्दीन हमारी और कुछ ऐसे देखा किए कि उन्हें हमसे जवाब पाना हो फिर बड़े ही मंजे अंदाज में कहा कहने का मतलब साहिब यही कि-“ तालीम की तालीम भी बड़ी चीज होती है।“

इकाई- 3

वितान भाग-1

वित्तान -भाग-1

पूरक पाठ्य पुस्तक पर आधारित प्रश्न

| क्र. | इकाई एवं विषय | आवंटित | | | | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | वस्तु | अंक | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | |
| 3 | वितान-भाग 1 पूरक पाठ्य पुस्तक पर आधारित प्रश्न\| | 07 | 05 | 01 | - | - | 01 |

महत्वपूर्ण निर्देश- इस इकाई से 1 अंक के 5 वस्तुनिष्ठ [प्रश्न तथा 2 अंक का एक प्रश्न पूछा जाएगा | वित्तान- भाग- 1 के पाठ आलो-अँधारि पाठ से परीक्षा में कोई प्रश्न नहीं पूछें जाएँगे |

(1) आलो- अन्धारित

**प्र.i. सही विकल्प चुनकर लिखिए-** **(1 अंकीय प्रश्न)**

1. कुमार गंधर्व के अनुसार लता जी की लोकप्रियता का मुख्य कारण क्या है

अ. गानपन ब. नयापन स. अपनापन द. पुरानापन

2. कुई की खुदाई का काम क्या कहलाता है?

अ. चेजारो    ब. चेवाजी    स. चेजा    द. चेज्ञ

3. सीधे-सीधे बरसात से मिलने वाला पानी कहलाता है-

अ. रेजाणी पानी    ब. पालर पानी    स. पातालपानी    द. पहलापनी

4. भारतीय संगीत में प्राचीन काल से प्रचलित सबसे पुराना वाद्य कौन सा है

अ. सितार    ब. बांसुरी    स. डमरु    द. वीणा

5. भरत मुनि द्वारा रचित ग्रंथ का नाम है

अ. नाट्य शास्त्र    ब. साहित्य शास्त्र    स. संगीत शास्त्र    द. कला शास्त्र

**प्र.ii. रिक्त स्थान में सही शव्द चुनकर लिखिए -** **(1 अंकीय प्रश्न)**

1. संगीत के क्षेत्र में लय ____ प्रकार की होती है। (तीन/पांच)
2. _____चित्रपट संगीत की विशेषता है। (गंभीरता/ चपलता)
3. राजस्थान की रजत बूंदें पाठ के लेखक _____हैं। (विवेक मिश्र /अनुपम मिश्र)
4. गुजरात में पुरुष ______नृत्य करते है। (गरबा /डांडिया रास)
5. ______काल कलाओं के लिए स्वर्ण युग माना जाता है। (मौर्य काल/ गुप्त काल)

**प्र.iii. सत्य /असत्य लिखिए-** **(1 अंकीय प्रश्न)**

1. गंभीरता शास्त्रीय संगीत का स्थायी भाव है।
2. चित्रपट संगीत में नवनिर्मित की बहुत गुंजाइश है।
3. जो जल कुईं से निकाला जाता है उसे पालर पानी कहते हैं ।
4. प्रकृति से और लगाव भारतीय कलाओं की विशेषता है।
5. भारतीय संगीत शास्त्र का मुख्य वाद्य सितार रहा है।

**प्र.iv. सही जोड़ी बनाकर लिखिए-** **(1 अंकीय प्रश्न)**

| | |
|---|---|
| 1. घूमर नृत्य | (क) महाराष्ट्र |
| 2. लावणी नृत्य | (ख) राजस्थान |
| 3. सत्तरीय नृत्य | (ग) असम |
| 4. भारतीय कलाएं | (घ) अनुपम मिश्र |
| 5. राजस्थान की रजत बूंदें। | (ड.) कुमार गंधर्व |
| 6. स्वर साम्राज्ञी | (च) संकलित |

**प्र.v. एक वाक्य में उत्तर लिखिए-** **(1 अंकीय प्रश्न)**

1. लता जी की लोकप्रियता का मुख्य मर्म क्या है?
2. लता मंगेशकर के पहले चित्रपट संगीत के क्षेत्र में कौन सी गायिका का बोलबाला था?
3. कुई की खुदाई किस औजार से की जाती है?
4. अनुपम मिश्र ने पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर कौन सी पुस्तक लिखी है?
5. सबसे प्राचीन चित्रों के नमूने कहां मिलते हैं?

**प्र.vi. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30-30 शब्दों में लिखिए-** **(2 अंकीय प्रश्न)**

1. चित्रपट संगीत और शास्त्रीय संगीत में क्या अंतर है?
2. लता के गायन की दो विशेषताएं बताइए?
3. कुई की सिंचाई के लिए कौन-कौन से विकल्प काम में ले जाते हैं?
4. रेजाणी पानी किसे कहा जाता है?
5. नृर्त्य और नृत्य में क्या अंतर है?
6. गुप्त काल को कला का स्वर्ण काल क्यों कहा गया है?

## इकाई-04

अभिव्यक्ति और माध्यम

अभिव्यक्ति और माध्यम

| क्र. | इकाई एवं विषय | इकाई पर आवंटित आवंटित प्रश्न | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | |
| 4 | अभिव्यक्ति और माध्यम पाठ्य पुस्तक पर आधारितप्रश्न\| | 7 | 5 | 1 | - | - | 1 |

महत्वपूर्ण निर्देश- इस इकाई से 5 वस्तुनिष्ठ प्रश्न 1 अंक के तथा 2 अंक का 1 प्रश्न पूछा जाएगा|

**प्र.i. सही विकल्प चुनकर लिखिए-** **(1 अंकीय प्रश्न)**

1. हिंदी का प्रथम सप्ताहिक पत्र था-
   अ. बंगाल गजट ब. उदंत मार्तंड स. सरस्वती द. कर्मवीर
2. दैनिक समाचार पत्र की एक निर्धारित समय सीमा होती है-
   अ. टाइमलाइन ब. वर्क लाइन स. डेडलाइन द. प्राइमलाइन
3. एनी फ्रैंक की 'डायरी द डायरी ऑफ यंग गर्ल' मुलत: कौन- सी भाषा में लिखी गई-
   अ. फ्रैंच ब. डच स. अंग्रेजी द. जर्मन
4. किसी भी फिल्म या धारावाहिक की कथा को कहा जाता है-
   अ. पटकथा ब. लोक कथा स. नई कथा द. चित्र कथा

**प्र.ii. रिक्त स्थान में सही शव्द चुनकर लिखिए -** **(1 अंकीय प्रश्न)**

1. ऑल इंडिया रेडियो की स्थापना____में हुई । (1926 /1936)
2. एफ एम से तात्पर्य____है । (फ्री मैड्यूलेशन/फ्रिक्वेंसी मैड्यूलेशन)
3. डायरी नितांत____रचना है । (अतरंग/बहिरंग)
4. पटकथा को अंग्रेजी में_____कहते है । (पिक्चर प्ले/स्क्रीन प्ले)

प्र.iii. सत्य /असत्य लिखिए-

1 निरक्षर लोगों के लिए रेडियो जनसंचार का एक सशक्त माध्यम है।

2. भारत में टीवी सेवा का विधिवत प्रारंभ 1947 में हुआ।

3.डायरी नितांत अंतरंग रचना है।

4. संचार शब्द की उत्पत्ति 'चार' धातु से हुई है |

**प्र.iv. सही जोड़ी बनाकर लिखिए-** **(1 अंकीय प्रश्न)**

| | |
|---|---|
| 1. भारत की पहली मूक फिल्म। | (क) 1959 |
| 2. भारत की पहली बोलती फिल्म | (ख) 1913 |
| 3. भारत में टीवी सेवा का विधिवत प्रारंभ- | (ग) 1931 |
| 4. भारत में टेलीविजन की शुरुआत- | (घ)1965 |

**प्र.v. एक वाक्य में उत्तर लिखिए-** **(1 अंकीय प्रश्न)**

1. पटकथा किसे कहते हैं?
2. बीट से क्या आशय है?
3. टीवी सेवा को दूरदर्शन नाम कब दिया गया ?
4. संचार का सबसे प्रमुख प्रकार कौन सा है?

**प्र.vi. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30-30 शब्दों में लिखिए-** **(2 अंकीय प्रश्न)**

1. अंतरवैयक्तिक संचार से क्या आशय है?
2. निम्नलिखित शब्दों को क्रम में लिखिए-
   क्रम,क्रन्दित,क्रन्दन,क्रमश
3. संयुक्त व्यंजन के संबंध में हिंदी वर्णमाला एवं शब्दकोश में क्या अंतर है?
4. शब्दकोश एवं संदर्भ ग्रंथ में क्या अंतर है ?
5. अंतर वैयक्तिक संचार और संचार में क्या अंतर है?

## इकाई-05

काव्य बोध

काव्य बोध-

| क्र. | इकाई एवं विषय | इकाई पर आवंटित आवंटित प्रश्न | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | |
| 5 | काव्य बोध-<br>• इस परिचय एवं उनके प्रकार<br>• अलंकर परिचय व प्रकार मानवीकरण, पुनरुक्ति प्रकार, संदेह मुन्तिमान<br>• छन्द परिचय ओ प्रकार- दोहा, चौपाई, सोरठा, कवित्त सवैया<br>• शब्द शक्ति- परिचय व प्रकार<br>• शब्द गुण- परिचय व प्रकार | 9 | 5 | 2 | - | - | 2 |

महत्वपूर्ण निर्देश- इस इकाई से 1 के 5 प्रश्न तथा 2-2 अंक के 2 प्रश्न पूछे जाएँगे|

**प्र.i. सही विकल्प चुनकर लिखिए-** **(1 अंकीय प्रश्न)**

1. यहां दरख्तों के साए में धूप लगती है। उपरोक्त पंक्ति में कौनसा अलंकार है ?

   अ.व्यतिरेक  ब.विरोधाभास  स. भ्रांतिमान  द. मानवीकरण

2. दोहे में कुल कितनी मात्राएं होती हैं?

   अ.24  ब.26  स.28  द.31

3. और मां बिन पढ़ी मेरी
   दुख में वह गढ़ी मेरी
   मां की जिसकी गोद में सिर
   रख लिया तो दुख नहीं फिर

उपरोक्त पंक्तियों में कौन सा रस है?

अ. शांत रस ब. वात्सल्य रस स. वीर रस द.करुण रस

4. मौत के आगे ना हिचके

शेर के आगे ना बिचके

बोल में बादल गरजता

काम में झंझा लरजता

उक्त पंक्तियों में कौन सा रस है ?

अ. वीर रस ब.रौद्र रस स.हास्य रस द. शांत रस

5. लोक प्रचलित अथवा शब्दकोश आधारित शब्द के अर्थ का ज्ञान कौन सी शब्द शक्ति से होता है ?

अ. अमिधा ब. लक्षणा स. व्यंजना द. व्यंगार्थ

**प्र.ii. रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए - (1 अंकीय प्रश्न)**

1. वीर रस प्रधान कविताओं____ में गुण होता है (प्रसाद/ओज)
2. रस के अंग___ होते हैं (चार/नौ)
3. शांत रस का स्थाई ____भाव है (शोक/ निर्वेद)
4. उत्तेजना के मूल कारण को____ कहते हैं। (विभाव /अनुभाव)
5. गाय पालतू पशु है वाक्य ____में शब्द शक्ति है। (अभिधा/व्यंजना)

**प्र.iii. सत्य /असत्य लिखिए- (1 अंकीय प्रश्न)**

1. संचारी भाव की संख्या 35 है।
2. अनुभाव के अंतर्गत आश्रय की चेष्टा आती है।
3. दोहा तथा सोरठा में कुल 24 मात्राएं होती है।
4. फूल मुस्कुरा उठे' मैं मानवीकरण अलंकार है।
5. भ्रांतिमान अलंकार में अनिश्चय की स्थिति बनी रहती है।
6. गणों की संख्या 9 मानी गई है।
7. दोहे तथा रोला को मिलाकर कुंडलियां छंद बनता है।
8. मुख है या चंद्र है मैं संदेह अलंकार है।

**प्र.iv. सही जोड़ी बनाकर लिखिए- (1 अंकीय प्रश्न)**

| | |
|---|---|
| 1. छंद | (क) मात्रा /वर्ण |
| 2. दोहा | (ख) 31 |
| 3. चौपाई | (ग) 16 |
| 4. कविता | (घ) 24 |
| 5. सवैया | (ड.)26 |

**प्र.v. एक वाक्य में उत्तर लिखिए-** **(1 अंकीय प्रश्न)**

1. चारों चरण में समान मात्रा वाले शब्द को क्या कहा जाता है?
2. चरण में मात्राओं के आधार पर सोरठा छंद का ठीक विपरीत छंद कौन सा है?
3. कवित्त में कितनी मात्राएं होती है?
4. अवहित्थ कौन सा भाव है?
5. श्रृंगार परक रचनाओं में कौन सा गुण होता है?
6. रसओत्पत्ति में आश्रय की चेष्टाएं क्या कहलाती है?
7. रसराज की उपाधि कौन से रस को प्राप्त है?
8. वैराग्य कौन से रस का स्थायी भाव है?
9. शब्द की प्रथमा शक्ति किसे कहा जाता है?
10. "केशव कहीं ना जाए का कहिए।

    देखततव रचना विचित्र अति समझी मन ही मन रहिये। पंक्तियों में कौन सा रस है?
11. "पगड़ी की लाज रखी है"में कौन सी शब्द शक्ति है?

**प्र.vi. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30-30 शब्दों में लिखिए-** **(2 अंकीय प्रश्न)**

1. अनुभाव से क्या तात्पर्य है?
2. संचारी भाव किसे कहते हैं?
3. हास्य रस को उदाहरण से समझाइए।
4. शांत रस कब उत्पन्न होता है उदाहरण से समझाइए।
5. व्यंजना शब्द शक्ति को उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए।
6. रस तथा उसके स्थायी भाव लिखिए।
7. रस के अंग लिखिए।
8. संचारी भाव एवं स्थायी भाव में अंतर बताइए।
9. विरोधाभास अलंकार को उदाहरण द्वारा समझाइए।
10. मानवीकरण अलंकार को उदाहरण द्वारा समझाइए।
11. प्रसाद गुण आधारित काव्य पंक्तियां लिखिए।
12. शांत रस को उदाहरण द्वारा समझाइए।
13. माधुर्य और ओजगुण में क्या अंतर है?
14. आचार्य भरत मुनि के अनुसार रस की परिभाषा लिखिए।
15. संदेह एवं भ्रांतिमान अलंकार में अंतर बताइए।

**इकाई -6**

**भाषा बोध-**

| क्र. | इकाई एवं विषय | इकाई पर आवंटित आवंटित प्रश्न | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | |
| 1 | **भाषा बोध-विशेषण** मुहावरे, लोकोक्तियाँ एवं क्रिया विशेषण शब्द के प्रकार- तत्सम, तद्भव, प्रत्यय, उपसर्ग क्षेत्रीय शब्द ,तकनीकी शब्द, पर्यायवाची शब्द, निपात रचना के आधार पर वाक्य परिवर्तन,वाक्य शुद्धिकरण भाव पल्लवन और सार संक्षेपण भाषा- राजभाषा ,राष्ट्रभाषा, वाक्यांश के लिए एक शब्द,विज्ञापन लेखन,संवाद लेखन,अनुच्छेद लेखन | 12 | 5 | 2 | 1 | - | 3 |

